हरिभूमि

भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

11 फुव्वारों के बीच अनाज मंडी पहुंचे डीसी...



12 कार्टून मेकिंग स्पर्धा में दीपांशी और पोस्टर ...



खबर संक्षेप

दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषियों को उम्रकैद

भिवानी। अदालत ने थाना बवानी खेड़ा क्षेत्र में युवती के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने तथा शव को खुर्द-बुर्द करने के मामले में दोषी नटवर सिंह और रविंद्र को आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार थाना बवानी खेड़ा क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया था कि उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई तथा साक्ष्य मिटाने और शव को खुर्द-बुर्द करने की नीयत से शव को नहर में डाल दिया गया। इसी मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों तथा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप माननीय न्यायालय ने आरोपियों को अभियोग में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

झूठी सूचना देने वाले सात कॉलरों पर कार्रवाई

चरखी दादरी। डायल-112 आपातकालीन सेवा का दुरुपयोग कर हत्या और छीना-झपटी जैसे गंभीर अपराधों की झूठी सूचना देने के मामलों में दादरी जिला पुलिस ने सितंबर 2026 के दौरान सात कॉलरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के तहत कलंदर तैयार कर न्यायालय में भेजे हैं। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में की गई जांच के दौरान संबंधित कॉलरों की ओर से दी गई सूचनाएं असत्य और भ्रामक पाई गईं। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई के दायरे में थाना बाढ़ड़ा क्षेत्र के तीन तथा थाना शहर दादरी और थाना सदर दादरी क्षेत्र के दो-दो कॉलर शामिल हैं।

मरीजों को मिलेगी राहत, रोज 200 से 300 मरीजों के होते एक्स-रे

नागरिक अस्पताल में जल्द लगेगा आधुनिक डिजिटल एक्स-रे सिस्टम

एक्स-रे करवाने के लिए मरीजों को घंटों करना पड़ता इंतजार

15 दिन में मशीन स्थापित होने का लक्ष्य अस्पताल प्रबंधन ने रखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में एक्स-रे करवाने के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता था, अब आधुनिक डिजिटल रेडियोग्राफी (डीआर) सिस्टम लगने से मरीजों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय ने अस्पताल के लिए आधुनिक डिजिटल रेडियोग्राफी (डीआर) सिस्टम की खरीद प्रक्रिया पूरी कर ली है। मशीन उपलब्ध होने के बाद इसे अस्पताल में स्थापित किया जाएगा। इससे एक्स-रे जांच की प्रक्रिया तेज होने और मरीजों का समय बचने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार हरियाणा दिवस पर जिले के लोगों को ये सुविधा मिल सकती है। मशीन अस्पताल पहुंचने के बाद अगले 15 दिनों के भीतर इसे स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। नागरिक अस्पताल में नई तकनीक शुरू होने से प्रतिदिन बड़ी संख्या में एक्स-रे करवाने आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। नागरिक अस्पताल में फिलहाल कम्प्यूटेड रेडियोग्राफी (सीआर) तकनीक से एक्स-रे किए जा रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 200 से 300 मरीजों के एक्स-रे होते हैं। मरीजों की अधिक संख्या के कारण कई बार जांच के लिए लंबी लंबी कतारें लग जाती हैं, ऐसे में मरीजों और उनके परिजनों को अपनी बारी के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। जांच प्रक्रिया में लगने वाला समय भी अस्पताल की कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम स्थापित होने के बाद एक्स-रे की तस्वीर डिजिटल रूप में सीधे स्क्रीन पर उपलब्ध हो सकेगी, इससे जांच प्रक्रिया में लगने वाला समय कम करने में मदद मिलेगी। आधुनिक तकनीक से एक्स-रे की तस्वीर अधिक स्पष्ट मिलने की उम्मीद है, जिससे चिकित्सकों को मरीज की स्थिति का आकलन करने और बीमारी की पहचान करने में सुविधा होगी। नई मशीन आने नागरिक अस्पताल में मरीजों का दबाव कम करने और स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी जिससे मरीजों को लाभ मिलेगा।

मुख्यालय ने पूरी की खरीद प्रक्रिया: डॉ.बिजेंद्र

डीएमएस डॉ. बिजेंद्र लडवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय की ओर से डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम की खरीद प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मशीन को जल्द ही अस्पताल में उपलब्ध करवाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर स्थापित करने की योजना है। इसके शुरू होने से मरीजों को एक्स-रे जांच की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

क्रेडिट कार्ड से 2.95 लाख की ठगी

पुलिस ने 2 आरोपितों को पकड़ा और रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

क्रेडिट कार्ड के जरिए 2.95 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी के मामले में चरखी दादरी साइबर थाना पुलिस ने दो और मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान दिल्ली निवासी आर्यन, हाल अंकुर विहार गाजियाबाद और जोनी निवासी सुल्तानपुरी, नई दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

आरोपितों ने एक्सिस बैंक की महिला कर्मचारी बनकर फोन किया

आरोपितों ने ठगी की राशि से एप्पल आईफोन 18 प्रो खरीदा

पॉलिसी रद्द करवाने का झांसा

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि गांव बिजणा निवासी अमित कुमार ने 30 सितंबर 2026 को साइबर थाना में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, 28 सितंबर को उन्हें एक्सिस बैंक की महिला कर्मचारी बनकर फोन किया गया। कॉल करने वाली ने क्रेडिट कार्ड पर बीमा पॉलिसी जारी होने और इसके लिए 17,500 रुपये कटने की बात कही। पॉलिसी रद्द करवाने का झांसा देकर ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड से 2,95,884.60 रुपये की दो ट्रांजेक्शन कर लीं। जांच में सामने आया कि ठगी की राशि में से 2,33,855 रुपये ब्लिंकइट के माध्यम से खर्च किए गए, जिनसे एप्पल आईफोन 18 प्रो खरीदा गया। वहीं, 62,029.60 रुपये नोब्रोकर टेक्नोलॉजीज के माध्यम से पीएनबी के खाते में ट्रांसफर किए गए। मामले की जांच हेड कांस्टेबल सुमित कुमार कर रहे हैं।

इस मामले में दो आरोपित पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

इससे पहले पुलिस इस मामले में चेतन निवासी अमन विहार, नई दिल्ली को पानीपत से और निखिल निवासी सुल्तानपुरी, नई दिल्ली को गिरफ्तार कर चुकी है। बुधवार को पुलिस टीम ने आर्यन और जोनी को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर ठगी के नेटवर्क और रकम से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

स्टंट करने वाले वाहन चालकों पर 45500 रुपये का किया चालान

भिवानी। थाना सिविल लाइन पुलिस ने सेक्टर-13 हुड्डा स्थित मेला ग्राउंड में थार गाड़ियों से स्टंट कर रहे दो वाहन चालकों को काबू कर दोनों गाड़ियों को इंपाउंड किया तथा 45,500 रुपये के चालान किए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-13 हुड्डा स्थित मेला ग्राउंड में दो थार गाड़ियों के चालक खतरनाक तरीके से स्टंट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन, भिवानी के प्रबंधक उप निरीक्षक संजय कुमार टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर दोनों वाहन चालकों ने गाड़ियों सहित मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने दोनों को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा दोनों गाड़ियों को इंपाउंड कर 45,500 (एक थार गाड़ी चालक का 22,500/- वह दूसरे गाड़ी चालक का 23,000) रुपये के चालान किए गए। जिला पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित गति सीमा में चलाएं।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए पांच नवंबर तक करें आवेदन

भिवानी। हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2026-2027 के सुषमा स्वराज, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नोदेवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवर्स पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकत्री, महिला उद्यमी राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए पांच नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करना है।



सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



एआई इनोज

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इनोज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'



एआई इनोज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

श्रीराम के आगमन से लेकर धनुष भंग तक की लीलाओं का वर्णन किया

खास बातें
- श्रीराम विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के पावन तत्वावधान में राजश्री बैंकेट हॉल में आयोजित श्रीराम कथा के पांचवें दिन पूज्य संत रामझूलन दास महाराज ने प्रभु श्रीराम और माता सीता के विवाह से जुड़े पावन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में सीता स्वयंवर, भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग और श्रीराम विवाह की दिव्य लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। संत श्री के मुखारविंद से कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा में विशेष रूप से अखंड भारत माता मंदिर संस्थापक माई जी महाराज का सानिध्य रहा। कथा के दौरान संत श्री रामझूलन दास जी महाराज ने जनकपुर में आयोजित सीता स्वयंवर के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि राजा जनक ने अपनी पुत्री माता सीता के स्वयंवर के लिए भगवान शिव के दिव्य धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखी थी। देश-विदेश से आए अनेक राजा और महाराजा अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के बावजूद धनुष को हिला तक नहीं सके। स्वयंवर में उपस्थित सभी लोग इस बात को लेकर चिंतित थे कि आखिर कौन इस कठिन शर्त को पूरा कर माता सीता का वरण करेगा। संत श्री ने बताया कि गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर प्रभु श्रीराम ने सहज भाव से शिव धनुष की ओर कदम बढ़ाए। भगवान श्रीराम ने पूरी विनम्रता और सहजता के साथ धनुष उठाया और जैसे ही उस पर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया, धनुष भंग हो गया। धनुष भंग होते ही स्वयंवर सभा में हर्ष और उल्लास छा गया। देवताओं ने पुष्प वर्षा की और उपस्थित जनसमूह ने प्रभु श्रीराम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। यह प्रसंग बताता है कि सच्ची शक्ति के साथ विनम्रता और गुरु की आज्ञा का पालन व्यक्ति को महान बनाता है। सीता स्वयंवर के प्रसंग को आध्यात्मिक दृष्टि से समझाते हुए संत श्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम और माता सीता का मिलन केवल एक दिव्य विवाह प्रसंग नहीं, बल्कि धर्म, प्रेम, समर्पण और आदर्श जीवन का प्रतीक है। माता सीता त्याग, धैर्य, मर्यादा और नारी गरिमा की प्रतिमूर्ति हैं, जबकि भगवान श्रीराम आदर्श पुरुष, कर्तव्यनिष्ठा और धर्मपालन के प्रतीक हैं। दोनों का जीवन प्रत्येक परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में भी अपनाएं

कथा में श्रीराम विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए संत श्री रामझूलन दास जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह भारतीय संस्कृति में आदर्श दांपत्य जीवन की अनुपम मिसाल है। विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, जिम्मेदारी और आपसी सम्मान पर आधारित जीवनभर की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में श्रीराम और माता सीता के आदर्शों को अपनाकर परिवारों में प्रेम, सहयोग, संस्कार और आपसी सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। संत श्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे श्रीराम कथा में वर्णित प्रसंगों को केवल सुनने तक सीमित न रखें, बल्कि उनके आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में भी अपनाएं।



भिवानी। आयोजित श्रीराम कथा में उपस्थित श्रद्धालु तथा प्रवचन करते संत रामझूलन महाराज।

कथा में ये रहे मौजूद

इस मौके पर अखिल भारतीय दादू सेवक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, ओपी नन्दवानी, गोवर्धन आचार्य, जवाहर मिताथलिया, केसरी शर्मा, आनन्द सिंघल, पार्षद मदन यादव, लक्ष्मण अग्रवाल, प्रेम शर्मा धनानिया, ललित मित्तल सहित सैंकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भरत मिलाप, राजा दशरथ के देहांत और भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया

चरखी दादरी। पुराना शहर स्थित रामलीला मंच पर रामलीला के दौरान भरत मिलाप, राजा दशरथ के देहांत और भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। बड़े भाई के प्रति भरत के प्रेम और श्रीराम के वचन पालन के प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कई दर्शकों की आंखों से आंसू छलक पड़े। लीला का शुभारंभ श्री गणेश वंदना के साथ हुआ। रामलीला कमेटी के प्रधान रविंद्र फौगाट और संरक्षक रिंपी फौगाट की उपस्थिति में कलाकारों ने दिखाया कि केवट ने श्रीराम को नाव में बैठाने से पहले उनके चरण पखारने की शर्त रखी। इसके बाद श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के साथ नदी पार कर चित्रकूट पहुंचे और वहां कुटिया बनाकर रहने लगे। इधर, पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए। उनके निधन से अयोध्या में शोक छा गया। ननिहाल से लौटने पर भरत को पूरे घटनाक्रम का पता चला। उन्होंने पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद श्रीराम को वापस अयोध्या लाने के लिए चित्रकूट की ओर प्रस्थान किया। चित्रकूट में दोनों भाइयों के मिलन का मार्मिक दृश्य प्रस्तुत किया गया। पिता के निधन का समाचार सुनकर श्रीराम भावुक हो उठे। भरत ने उनसे अयोध्या लौटकर राजसिंहासन संभालने का आग्रह किया। माताओं, मंत्रियों और अन्य परिजनों के आग्रह के बावजूद श्रीराम ने पिता को दिए वचन का पालन करते हुए वनवास पूरा करने का निर्णय कायम रखा। इसके बाद भरत ने श्रीराम की खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौटने का निश्चय किया। भाई के प्रति भरत की निष्ठा और श्रीराम की वचनबद्धता के दृश्य दर्शकों के लिए भावुक क्षण बन गए। इस अवसर पर निदेशक पुरुषोत्तम सोनी, वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार बंसल, महासचिव संदीप प्रधान, कोषाध्यक्ष निखिल बंसल, सचिव अखिलेश बंसल, शिवकुमार शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, रोशन जांगड़ा, कथावाचक राजेश खजांची, मंच संचालक राहुल शास्त्री सहित कमेटी के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

भिवानी में 24 से होगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

भिवानी। हिंदी साहित्य के राष्ट्रीय संगठन 'शब्दाक्षर' की हरियाणा प्रांतीय इकाई के तत्वावधान में 24, 25 एवं 26 अक्टूबर को श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन परम श्रद्धेय परमहंस स्वामी सदानन्द जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। सम्मेलन में शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह (कोलकाता, पश्चिम बंगाल) प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

समस्याओं का अधिकारी त्वरित समाधान करें

तोशाम। एसडीएम संदीप कुमार ने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओ का त्वरित समाधान करें। एसडीएम वीरवार को अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियो को शिकायतों का त्वरित निदान करने के निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली जनहित से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निपटारा करें। एसडीएम ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि समाधान शिविर लोगों की सामूहिक और निजी समस्याओ के निदान करवाने का सीधा सरल औऱ सुगम माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल को जनता का भी भरपूर समर्थन और शिकायतों के त्वरित समाधान होने पर खूब सराहना मिल रही है।

मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया

चरखी दादरी। सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत वीरवार को समसपुर स्थित जिला स्टेडियम में 'सेवा मेरा योगदान' थीम पर विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर अनुशासन, स्वच्छता, एकता और आपसी सहयोग का संदेश दिया। उपायुक्त मनदीप कौर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी, जिला परिषद के सीईओ विजेंद्र हुड्डा और एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला में भाग लेकर सामूहिक प्रयासों से निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया।



ऑनलाइन तबादला नीति से छूट देने की मांग

चरखी दादरी। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन, हरियाणा ने एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों को मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी से छूट देने की मांग उठाई है। इस संबंध में एसो. के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को दादरी की सिविल सर्जन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसो. ने कहा कि बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे घर-घर जाकर विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं। एसो.के अनुसार, कर्मचारियों के बार-बार तबादले होने से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता प्रभावित होने की आशंका है।

बाजरे की आवक बढ़ी, तिरपाल से ढकने के दिए निर्देश

फुहारों के बीच अनाज मंडी पहुंचे डीसी, जांची व्यवस्थाएं

उपायुक्त ने मंडी एसोसिएशन के प्रधान नरेश भूरू से समस्याओं के बारे में जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



मिसमैच वेरिफिकेशन सही होने के साथ ही मंडी में एकाएक बाजरे की आवक बढ़ने के चलते डीसी साहिल गुप्ता गुरुवार को नई अनाजमंडी पहुंचे। उन्होंने बारिश की फुव्वारों के बीच बाजरे की खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीसी ने मंडी एसोसिएशन के प्रधान नरेश भूरू से बात कर मंडी में बाजरे की खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली और मंडी में किसी भी प्रकार की समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने डीसी को बताया कि बाजरे की खरीद सुचारू रूप से हो रही है। डीसी ने बारिश की संभावना के चलते बाजरे को तिरपाल से ढक्कने के निर्देश दिए।

वहीं डीसी साहिल गुप्ता ने मार्केट कमेटी सचिव संदीप लोहान को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की दिक्तत नहीं आनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी गुप्ता ने कहा कि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्तत नहीं आने दी जाएगी। किसानों की सुविधा के लिए दो की बजाय चार बॉयोमिट्रिक मशीन लगाई हैं। इसी प्रकार से गेट पास के लिए दो आईडी कार्य कर रही हैं। डीसी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंडी में किसानों के लिए भोजन के लिए कैंटीन, सफाई व्यवस्था व पेयजल आदि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से हो। मार्केट सचिव ने उपायुक्त को बताया कि किसान को 2301 रुपये से लेकर 2450 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है। सरकार द्वारा 2900 रुपये एमएसपी निर्धारित किया हुआ है। भावांतर भरपाई के लिए किसान को 600 रुपये प्रति क्विंटल सरकार द्वारा दिए जाएंगे।

शनिवार व रविवार को तैनात रहें अधिकारी

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में जिले के सभी मार्केट सचिव व सहायक सचिवों को निर्देश दिए कि बाजरे की खरीद के दौरान कोई अवकाश पर नहीं रहेगा। शनिवार और रविवार को भी अधिकारी मंडियों में तैनात रहेंगे। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसानों को बाजरे की बिक्री करने में मंडी में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी बाजरे, धान और मूंगदाल आदि खरीद को लेकर प्रदेशभर के जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी साहिल गुप्ता ने जिला के सभी मार्केट कमेटी सचिवों व सहायक सचिवों को बाजरे की खरीद का सीजन चरम पर है, ऐसे में सभी किसान अपनी फसल को लेकर मंडियों में आ रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों के एकसाथ आने से वाहनों की संख्या बढना स्वाभाविक है, लेकिन मार्केट कमेटी सचिव, सहायक सचिव व अन्य अधिकारी बाजरे की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से करवाएं। किसानों को गेट पास कटने में किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। डीसी ने सख्त निर्देश दिए मार्केट कमेटी के अधिकारी शनिवार और रविवार को भी मंडियों में रहेंगे। बारिश के मद्देनजर डीसी ने निर्देश दिए कि मंडियों से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हो। जिला भिवानी अनाज मंडी के अलावा बवानीखेड़ा, तोशाम, लोहारू, ढिगावा, सिवानी, जुई व बहल में बाजरे की खरीद चल रही है। बैठक में एसडीएम महेश कुमार, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी, मार्केट कमेटी सचिव संदीप लोहान भी मौजूद रहे।

सीटीएम अनिल कुमार ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया। सीटीएम अनिल कुमार ने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने छह शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में गांव शिमलीबास के जगदीश ने रजिस्ट्री व इंतकाल के अनुसार ततीमा ऑनलाइन दुरुस्त करवाने, ढाब ढाणी के ताराचंद ने इंतकाल दर्ज करवाने, ढाणी गाढ़ के संजीव कुमार ने नया राशन कार्ड बनवाने तथा न्यू बाजार की बागवंती ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने की शिकायत रखी। वहीं पतराम गेट निवासी अशोक कुमार ने गलत तरीके से दर्ज लोन को हटवाने, वार्ड 20 निवासी पवन कुमार ने गली बनवाने तथा नेताजी नगर निवासी बलवान ने पेयजल सप्लाई संबंधित शिकायत रखी। हालुवास निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग धन सिंह ने विभागीय पेंशन में बढ़ोतरी करवाने की मांग रखी।

लीलस और बड़वा में अफसरों ने दी ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी

भिवानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को सिवानी खंड के गांव बड़वा और लीलस में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, उपमंडल रोजगार कार्यालय सिवानी द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन, क्रीड विभाग द्वार पीपीपी हेल्पडेस्क, उद्यान विभाग द्वारा बागवानी विकास संगोष्ठी तथा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए। स्टॉलों पर मौजूद अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

पांचवें दिन देवी स्कंदमाता की पूजा और अर्चना की

भिवानी। नवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन के सानिध्य में नौ दिवसीय योग व आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र के पांचवे दिन देवी स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई और उपस्थितजनों को राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने देवी स्कंदमाता का आध्यात्मिक स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीके सुमित्रा ने बताया कि स्कंदमाता मां दुर्गा का पांचवां स्वरूप हैं, जिनकी उपासना नवरात्रि के पांचवें दिन की जाती है। स्कंद का अर्थ 'स्कंद का भाव या धर्म' होता है। भगवान कार्तिकेय का एक नाम स्कंद भी हैं, इसलिए इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित होते हैं। इस अवसर पर बीके आरती, बीके ममता, बीके नीलम, बीके शारदा, बीके कविता, बीके सुशील, बीके संतोष, बीके बंटी, बीके ऊषा, बीके भीम सिंह चौहान व मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा को किया नमन

तोशाम। जीवनपर्यंत किसानों एवं मजदूरों के अधिकारों के लिए समर्पित रहने वाले किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की 71वीं जयंती वीरवार को खावा गांव स्थित उनके समाधि स्थल और हरफुल सिंह जाट जुलानीवाला गौशाला परिसर में श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई। इस अवसर पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा व गो किसान समृद्धि ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गणमान्य लोगों, किसानों और युवाओं ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय खरेटा का पूरा जीवन समाज के शोषित वर्ग, किसानों और मजदूरों की आवाज को बुलंद करने में बीता। मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय मंगल सिंह खरेटा ने ताउम्र किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया। 4 जून 2023 को दिल्ली में आयोजित महापंचायत में भाग लेने के बाद जब वे गांव खावा लौट रहे थे, तब सड़क दुर्घटना में उनका आकस्मिक निधन हो गया था, वे भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।





11 महिलाओं को वितरित की सिलाई मशीन

भिवानी। सांस्कृतिक सदन में रोटरी क्लब भिवानी डाउन टाउन द्वारा महिला सशक्तिरण व उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वीरवार को सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान अमित सिंह ने की। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन लक्ष्मण गौड रहे। इस दौरान 11 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की वार्षिक पत्रिका संवाद का विमोचन भी किया, जिसमें 2025-26 के सामाजिक कार्यों का पूरा विवरण दर्ज हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित कुमार व सचिव आशु सिंगला ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को शैक्षिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त होना पड़ेगा, तभी महिला अपने आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान के साथ पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर सकेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिटायर्ड बीईओ विनोद गाबा, अशोक कुमार, डॉ. प्रेम चराया, सीपी चावला, रीतू, हरकिशन सिंह, पंकज ग्रोवर, संजय आदि मौजूद रहे।



एड्स के मरीजों की पहचान कर उपचार में मदद करें

भिवानी। लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एचआईवी-एड्स टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एडीसी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि वे जागरूकता एवं जांच अभियान चलाकर एचआईवी-एड्स के मरीजों की पहचान कर उनको समय पर उपचार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एड्स से ग्रस्त लोगों को समाज में घृणा की दृष्टि से न देखा जाए। बैठक में एडीसी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि केवल असुरक्षित यौन संबंध से ही एड्स से ग्रस्त नहीं होते, बल्कि नशीले पदार्थों का सेवन करने के लिए सुई का कई जगह इस्तेमाल भी एक कारण है। ऐसे में नशीले पदार्थ का अत्यधिक सेवन करने वाले क्षेत्रों की पहचान करें और वहां लोगों में जागरूकता लाई जाए।



चिड़ियाघर परिसर में त्रिवेणी रोपित की

भिवानी। पर्यावरण संरक्षण और जीव-जगत के कल्याण की दिशा में वीरवार को चिड़ियाघर परिसर में त्रिवेणी रोपण का सराहनीय कार्यक्रम हुआ। पर्यावरण प्रेमियों ने पौधरोपण कर प्रकृति एवं पक्षियों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान त्रिवेणी बाबा ने त्रिवेणी बरगद, पीपल और नीम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन विशाल पेड़ों की घनी शाखाएं और घने पत्ते पक्षियों को घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी पक्षियों को तेज धूप, मूसलाधार बारिश और शिकारियों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसके साथ ही इन वृक्षों पर लगने वाले फल पक्षियों का सबसे पसंदीदा भोजन हैं, इसलिए त्रिवेणी पक्षियों को न केवल सालभर के लिए सर्वोत्तम भोजन उपलब्ध करवाती है, बल्कि उन्हें श्रेष्ठ आवास भी प्रदान करती है। उन्होंने वाइल्ड लाइफ निरीक्षक देवेन्द्र के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में वाइल्ड लाइफ निरीक्षक देवेन्द्र हुड्डा, वाइल्ड लाइफ गार्ड सोमवीर सिंह, शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

पुराना काली माता मंदिर में नवरात्रि पर भक्ति के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



भिवानी। पुराना काली देवी मंदिर में पूजन करते महंत।

भिवानी। जीतूवाला जोहड़ स्थित करीब 250 साल पुराने ऐतिहासिक काली माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व अत्यंत धार्मिक उल्लास और सामाजिक प्रेरणा के साथ मनाया जा रहा है। इन पावन दिनों में मंदिर के महंत जगमाल नाथ महाराज द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है, जहां वे श्रद्धालुओं को नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का अनूठा संदेश दे रहे हैं। महंत जगमाल नाथ ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्रि के ये नौ दिन आत्मिक शुद्धि, तपस्या और साधना के प्रतीक हैं, इन नौ दिनों में माता के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के साथ-साथ हमें अपनी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। महंत जगमालनाथ ने बताया कि इन नौ दिनों में ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने से शरीर एवं मन में शुद्धता, पवित्रता तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे घर-परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि का वास होता है। पूजा-पाठ और अनुष्ठानों के साथ-साथ महंत जगमालनाथ ने आज के समय की सबसे गंभीर समस्या पर्यावरण प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और अंधाधुंध दोहन के कारण आज हमारा पर्यावरण अत्यंत खराब हो चुका है। हवा को शुद्ध करने और जीवन बचाने के लिए हमें बड़े पैमाने पर पेड़-पौधें लगाने होंगे।

रेलवे स्टेशन को साफ-सुथरा रखने के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वीरवार को भिवानी रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा 2026के अंतर्गत जन संवाद एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक, आरपीएफ प्रभारी, सुविधा प्रबंधन मैनेजर तथा मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, कर्मचारियों तथा सफाई कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ निगरानी रखने, यात्रियों को इधर-उधर कचरा ना फेंकना तथा थूकने तथा अन्य प्रकार से गंदगी ना करने के लिए प्रेरित किया गया साथी इस जन संवाद कार्यक्रम के तहत यह संदेश दिया गया है कि स्टेशन परिसर साफ सुथरा रखना रखने में आमजन की हम भूमिका होती है इस आमजन को भी सफाई का ध्यान रखना चाहिए।

श्रीराम के जीवन आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम रामलीला: हरबीर

राम वनगमन और केवट लीला का किया मंचन

अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने दर्शकों को भावविभोर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



छोटी काशी भिवानी के सेठ किरोड़ीमल पार्क में श्रीअग्रसेन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में 11 दिवसीय संपूर्ण रामलीला महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम चौथे दिन भी पूरी श्रद्धा, भव्यता और सांस्कृतिक उत्साह के साथ जारी रहा। महोत्सव के चौथे दिन मंच पर भगवान श्रीराम के वन गमन और केवट संवाद के प्रसंगों का अत्यंत प्रभावशाली मंचन किया, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जीवंत दृश्यों ने उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएमसी हरबीर सिंह व नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने बतौर मुख्यतिथि पहुंच द्वीप प्रज्वलित करके और भगवान श्रीराम के चरणों में नमन करके किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी अनुप कुमार ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर संपूर्ण सिंह, श्रीअग्रसेन ट्रस्ट के प्रधान रामदेव तायल, समाजसेवी दीपक बंसल व देबूराम बापोड़िया ने शिरकत की। रामलीला के आयोजन और श्रीसनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार को लेकर अतिथियों तथा कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने विचार सांझा किए। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक उत्साह चरम पर रहा और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला कमेटी के प्रधान विजय बंसल ने बताया कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य भिवानी की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को जीवंत रखना तथा आने वाली पीढ़ी को भगवान श्रीराम के पावन चरित्र से जोड़ना है। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर कमेटी के महासचिव अधिवक्ता अजय सर्राफ, सहसंयोजक प्रवीण गर्ग, सुरेश डब्बेवाला, मामनचंद अग्रवाल, मुरालीलाल तौला, विनोद गोयल, प्रमोद मिंडूका व विनोद जैन आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

एआई के साथ आधुनिक तकनीक सीखेंगे छात्र

भिवानी। चौधरी बंसी लाल विवि, में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर रुहिल होल्डिंग्स के सहयोग से ए.आई टूल्स स्थापित तीन प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी द्वारा अंशुल रुहिल, प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, ए.आई आर्किटेक्ट रुहिल होल्डिंग्स के संस्थापक , डीन आईसीटी प्रो दिनेश मदान संग किया गया।

पॉक्सो बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रभावी : पवन

भिवानी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) भिवानी डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में वीर शहीद सिपाही मान सिंह राजकीय कन्या विद्यालय में बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 विषय पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

वन स्टॉप सेंटर का सीजेएम ने किया औचक निरीक्षण

चरखी दादरी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने वीरवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देश राज चालिया के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

नशे के खिलाफ छात्रों ने किया नुक्कड़ नाटक

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा में जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित वार्ड दो को नशा मुक्त बनाने के लिए राजकीय विद्यालय बवानीखेड़ा के विद्यार्थियों ने जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल के 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों ने धाकड़ क्लब के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल प्राचार्य दिनेश कुमार ने किया। धाकड़ क्लब के नोडल अधिकारी एवं पीजीटी राजनीति विज्ञान राजेंद्र कुमार, प्रवक्ता नवीन कुमार, प्रवक्ता मनोज अग्रवाल ने नाटक का निर्देशन किया। उन्होंने नशा छोड़ें, जीवन से नाता जोड़ें विषय पर नाटक में छात्रों ने दिखाया कि कैसे एक युवा साथियों की संगत में आकर अपना करियर, सब कुछ खो देता है।

चुनाव आयोग में अब पहले से ज्यादा पारदर्शिता, विपक्ष सकारात्मक राजनीति करें: सांसद धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सांसद धर्मबीर सिंह ने चुनाव आयोग, ईवीएम और मतदाता सूची को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर करारा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ईसीई देश की मजबूत संवैधानिक संस्था है, विपक्ष द्वारा 13 करोड़ वोट कटने का जो दुष्प्रचार किया जा रहा है, वह तथ्यहीन है। सांसद ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष जांच एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान लगभग 2 करोड़ 80 लाख ऐसे नाम सामने आए जो दिवंगत हो चुके थे, जबकि लाखों नाम ऐसे थे जो निवास बदलने के चलते दो या तीन जगहों पर दर्ज थे।

विपक्ष के वोट चोरी एवं ईवीएम संबंधी आरोप बेबुनियाद, जनता को भ्रमित करना गलत, 2014 में मशीनों पर सवाल क्यों नहीं उठाए : सांसद

ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस शासन में हुई

- बैलेट पेपर के दौर में बूथ कैप्चरिंग, गोलीबारी व बाहुबल का बोलबाला था, ईवीएम ने सब समाप्त किया : धर्मबीर सिंह

विपक्ष जनता के बीच भय, उग्रवाद या अविश्वास का माहौल न बनाएं: धर्मबीर



सांसद धर्मबीर सिंह ने विपक्षी दलों को नसीहत देते हुए कहा कि जनता के बीच भय, उग्रवाद या अविश्वास का माहौल बनाने से किसी का भला नहीं होगा। उन्होंने हाल ही में सांसद दीपेंद्र हुड्डा को लेकर एक वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा अपने ही सांसद को बस से नीचे उतारने जैसा अशोभनीय व्यवहार जनप्रतिनिधियों के स्तर पर शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि सरकार व विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी देश को मजबूत करने की है। विपक्ष को चाहिए कि वह जनता को भड़काने की बजाय मिलावट खोरी रोकने, जैविक खेती को बढ़ावा देने और समाज सुधार जैसे रचनात्मक विषयों पर अपनी ऊर्जा लगाए, भ्रम फैलाने में नहीं।

राहुल गांधी द्वारा दीपेंद्र हुड्डा का अपमान रोहतक-झज्जर की बेइज्जती : सुनील सांगवान

- पूर्व मंत्री पर दर्ज एफआईआर का किया उल्लेख
- एफआईआर और एसआईआर को लेकर कांग्रेस पर साधा निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

दादरी से भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा। कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा के साथ हुआ व्यवहार रोहतक-झज्जर लोकसभा क्षेत्र और हरियाणा की जनता का अपमान है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को इसका जवाब देगी। विधायक ने कांग्रेस के 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान पर सवाल उठाते हुए गुरुग्राम के एक पूर्व मंत्री के खिलाफ दर्ज 22 एफआईआर का उल्लेख किया। सांगवान के अनुसार, मामलों में फर्जी राशन कार्ड, फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाने, 32 हजार गलत वोट तैयार कराने तथा फॉर्म-6 और फॉर्म-8 के कथित दुरुपयोग जैसे आरोप शामिल हैं। उन्होंने पूर्व मंत्री के बेटे के युवा कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष होने और राहुल गांधी के साथ मंच साझा करने पर भी सवाल उठाए।

दीपेंद्र हुड्डा को दी पार्टी छोड़ने की सलाह

सुनील सांगवान ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा पांचवीं बार सांसद बने हैं, फिर भी कांग्रेस नेतृत्व द्वारा उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी में सम्मान न मिले, वहां बने रहने पर पुनर्विचार करना चाहिए। सांगवान ने आरोप लगाया कि 2024 के चुनाव के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाने में भी करीब एक साल लगाया गया। उनके अनुसार, इससे कांग्रेस में हुड्डा परिवार की स्थिति को लेकर सवाल उठते हैं।

एसआईआर प्रक्रिया को बताया संवैधानिक

एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों पर विधायक ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। उन्होंने 1952, 2002 और 2025 में हुई प्रक्रियाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दादरी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से हटाए गए करीब 26 हजार नामों में मृत व्यक्तियों, दूसरे स्थानों पर स्थायी रूप से बस चुके लोगों और विवाह के बाद स्थानांतरित हुई महिलाओं के नाम शामिल हैं। सांगवान ने दावा किया कि पुनरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल अधिकारियों और एजेंटों की मौजूदगी रही।

पोस्टर, स्लोगन, कार्टूनिंग, डिबेट व निबंध प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

कार्टून मेकिंग स्पर्धा में दीपांशी और पोस्टर मेकिंग में मैत्री ने मारी बाजी

- जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में 22 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एससीईआरटी के दिशा-निर्देशानुसार डाइट बिरहीकलां के डीआरयू विंग के तत्वावधान में सर्वपल्ली राधाकृष्णन वमा विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, कार्टून मेकिंग, डिबेट तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रतियोगिता में भिवानी, बवानीखेड़ा तथा कैरू ब्लॉक के कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मक एवं अभिव्यक्तिगत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी एवं डाइट बिरहीकलां के प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। डीईओ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला स्तर पर प्राप्त उपलब्धि को वे आगे बढ़ने की प्रेरणा बनाएं तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में और अधिक मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ भाग लें। कनिष्ठ वर्ग में गरिमा पीएमश्री स्कूल भिवानी, आरती पीएमश्री स्कूल बवानीखेड़ा तथा सैनवी राजकीय कन्या वमा विद्यालय मानेहरू ने भाग लिया। अन्नु पीएमश्री स्कूल बवानीखेड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में डीईओ चौधरी ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।



भिवानी। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी को पुरस्कृत करते अतिथि।



भिवानी। प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

कार्टून मेकिंग में छवि ने पाया दूसरा स्थान

डीआरयू विंग प्रभारी एवं डाइट बिरहीकलां के वरिष्ठ प्रवक्ता नवरत्न पांडे ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं एससीईआरटी द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा हैं, ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति-कौशल तथा आत्मविश्वास विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी शर्मा ने मुख्यतिथि एवं उपस्थित टीम का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों तथा विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के आयोजन में भिवानी से एबीआरसी अनीता, कैरू से एबीआरसी आशीष एवं बीआरपी आशा तथा लोहारू से एबीआरसी पूनम ने सहयोग किया। लिपिक संजीव व सुख सहायक जोगेंद्र सिंह ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था संभाली। कार्टून मेकिंग में मानेहरू स्कूल की दीपांशी ने प्रथम, पीएमश्री स्कूल बवानीखेड़ा की छवि ने द्वितीय तथा गर्ल्स हाई स्कूल हेतमपुरा की कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वैज्ञानिक प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

- खंड स्तरीय प्रदर्शनी में युवाओं ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

भिवानी। टीआईटी स्कूल में खण्ड शिक्षा अधिकारी युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी युद्धवीर सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और जिला व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को विकसित करती हैं। विज्ञान प्रदर्शनी का कुशल आयोजन प्राचार्य डीपी कौशिक, प्रवक्ता अनिल अरोड़ा एवं नरेन्द्र शर्मा ने किया, जिसमें वरिष्ठ प्रवक्ता प्रवेश गौतम का अति विशेष योगदान रहा। प्राचार्य कौशिक ने विद्यार्थियों को बड़ा वैज्ञानिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। वैज्ञानिक मॉडलों के मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल के रूप में राकेश कुमार, रविप्रकाश, आशा सांगवान, सीमा रानी एवं हेमंत शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



भिवानी। कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों का हाथ मिलवाते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

फिट इंडिया का उद्देश्य युवाओं को खेलों पर जागरूक करना : डीसी

- भीम स्टेडियम में फिट इंडिया खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सेवा संकल्प अभियान के तहत डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में भीम स्टेडियम में फिट इंडिया के अंतर्गत कुश्ती, कबड्डी, हैंडबॉल, जूडो, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत खेल विभाग द्वारा अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि नियमित खेल गतिविधियों से शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल और सकारात्मक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी बिधानंद, कुश्ती प्रशिक्षक एवं नोडल अधिकारी सुरेश वर्मा, कबड्डी प्रशिक्षक संजय, हैंडबॉल प्रशिक्षक हरिस्वरूप, जूडो प्रशिक्षक विक्रम सिंह, मुकेश, कुसुम, एथलेटिक्स प्रशिक्षक देवेंद्र सिंह, वॉलीबॉल प्रशिक्षक नीरज श्योराण व रविन जाखड़ तथा बास्केटबॉल प्रशिक्षक सुमित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अभाविप ने झोझू कलां में की इकाई की घोषणा

चरखी दादरी। अभाविप चरखी दादरी की ओर से बलाली आईटीआई से झोझू कलां स्थित अंबेडकर भवन तक यात्रा निकाली गई। इसके बाद अंबेडकर भवन में संगठन की इकाई घोषणा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंजू सांगवान को नगर अध्यक्ष, अनुजा छिल्लर को इकाई अध्यक्ष, सागर स्वामी को नगर मंत्री व गुलशन सैनी को इकाई उपाध्यक्ष बनाया। वहीं, हितेश, सोनी, रमन, मिंटू बलाली, विकास, प्रिंस, राहुल, सचिन, तनुज रामलवास को भी दायित्व सौंपे।

टीबी मुक्त दादरी के लिए मरीजों की जांच और उपचार पूरा करने पर दिया जोर

चरखी दादरी। जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए स्टेट टीबी डिवीजन पंचकूला की टीम ने वीरवार को दादरी का दौरा किया। इस दौरान टीम की सदस्य छवि और प्रिया जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की। साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और टीबी विभाग के कर्मचारियों को कफ अगेंस्ट टीबी ऐप के उपयोग तथा निक्षय मित्र पहल के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को कफ अगेंस्ट टीबी ऐप के संचालन और टीबी के संभावित मरीजों की शुरुआती पहचान में इसके उपयोग की जानकारी दी गई। टीम ने ऐप के माध्यम से मरीजों की पहचान और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की निगरानी को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, टीबी मरीजों को पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध करवाने और समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए निक्षय मित्र पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने के बारे में भी जागरूक किया गया।

पुलिस ने तीन गांवों में चलाया सर्च ऑपरेशन

चरखी दादरी। जिले को नशामुक्त बनाने के लिए दादरी पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के निर्देश पर वीरवार को गांव बौंद, मालपोस और बास में औचक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने डॉग स्क्वॉयड की मदद से संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली और नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जांच की। थाना बौंद कलां प्रभारी निरीक्षक सुलतान सिंह और अचीना ताल पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अभियान चलाया। तलाशी के दौरान संदिग्ध घरों, कमरों और अन्य संभावित ठिकानों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड और आधुनिक उपकरणों की सहायता से तलाशी अभियान को अंजाम दिया।

बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सीएम के नाम सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



भिवानी। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर 12 से 2 बजे तक सांकेतिक रोष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। रोष प्रदर्शन करते हुए जिला प्रधान रविंद्र कुमार व राज्य प्रधान शर्मिला देवी ने बताया कि सरकार द्वारा लागू की जा रही मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में एमपीएचडब्ल्यू मेल-फीमले वर्ग को शामिल करना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के हित में नहीं है। सरकार ने पारदर्शी तबादले का सपना तो दिखाया, लेकिन रेशनलाइजेशन के नाम पर पदों को कैप करने और अन्य तकनीकी गड़बडियों से पॉलिसी में आदर्श जैसा कुछ नहीं है। एसोसिएशन ने एमओटीपी से छूट के पक्ष में निम्न तर्क रखे। उन्होंने एमपीएचडब्ल्यू का कार्य सब-सेंटर/एचडब्ल्यूसी पर टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, मलेरिया/डेंगू नियंत्रण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों से सीधा जुड़ा है, जो स्थानीय स्थिरता पर टिका है।

अधिकारी तालमेल से करें कार्य: संदीप

- फसल अवशेषों को आग न लगाएं किसान : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ऑन लाईन प्लेट फॉर्म पर राजस्व रिकार्ड को ठीक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने गिरदावरी का कार्य बेतहर करने पर बधाई देते हुए कहा कि इंतकाल काल समन्धित कार्यों का तय समय पर निपटान करें। एसडीएम वीरवार को अपने कार्यालय में राजस्व और किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा निर्देश दें रहे थे। अशोक कुमार ने कहा कि बकाया ऑन लाईन इंतकाल संबंधित कार्य आगामी मंगलवार तक पूरा करें। लालडोरे के रिकार्ड की अलग से फाइल बना ले। एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि धान कटाई के मद्देनजर प्रशासन भी पराली को आग से बचाने के लिए मुस्तैद हो गया है। डीसी साहिल गुप्ता के आदेशानुसार जिला में फसल अवशेषों की निगरानी के लिए फाइव लेयर कवच बनाया गया है।



तोशाम। अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

इंतकाल का तय समय पर करें निपटान

नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने कहा कि पटवारी इंतकाल काल समन्धित कार्यों का तय समय पर निपटान करें और भूमि के खाना कास्त कार्यों और इनके इंतकाल का 15 नवम्बर तक सभी 48 पटवार सर्कल में पूरा करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

निर्देश नागरिक उठा सकते हैं बुक ए कॉल विद बीएलओ सुविधा का लाभ : उपायुक्त

एसआईआर के लंबित नोटिसों का निपटारा सप्ताह के अंदर करें अधिकारी: डीसी गुप्ता

- सावधानीपूर्वक किया जाए मतदाताओं के विवरण का सत्यापन : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एसआईआर को लेकर लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में आयोजित बैठक में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य के तहत लंबित नोटिस, फार्म नंबर छह, सात व आठ से संबंधित निपटारा एक सप्ताह के अंदर-अंदर पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी ने आमजन से आह्वान किया है कि वे एनवीएसपी पोर्टल पर जाकर बुक ए कॉल विद बीएलओ सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा नागरिक वोटर्स. इसीआई.जीओवी.इन पर जानकारी ले सकते हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं के विवरण का सत्यापन सावधानीपूर्वक किया जाए। जिन मतदाताओं के रिकॉर्ड का मिलान नहीं हो पा रहा है, उनके मामलों में नियमानुसार दस्तावेजों की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही, नागरिकों को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जागरूक कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए।



भिवानी। वीसी रूम में एसआईआर को लेकर मीटिंग में शामिल डीसी व अन्य।

पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से न रहे वंचित

डीसी ने कहा कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एश्रीनिवासन ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को लंबित नोटिसों का अति शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए।इस दौरान एसडीएम भिवानी महेश कुमार, लोहारू एसडीएम मनोज दलाल, नगराधीश अनिल कुमार के अलावा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मंडी में फसल डालने की समस्या दो दिन में सुलझे

चरखी दादरी। जिला प्रशासनिक सचिव केएम पांडुरंग ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में फसल बिक्री के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बाजरा की सरकारी खरीद शुरू होने से पहले मंडी में फसल लाने वाले किसानों की जे फार्म नहीं कटने की समस्या का अगले दो दिन में समाधान करने को कहा गया है। उन्होंने मंडी में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश भी दिए। प्रशासनिक सचिव ने बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीद व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने दादरी की नई अनाज मंडी पहुंचकर बाजरा व धान खरीद प्रबंधों का निरीक्षण किया।